प्रेस विज्ञप्ति

प्रौद्योगिक महाविद्यालय एवं ग्रामीण निर्माण विभाग के मध्य एम0ओ0यू0 हस्ताक्षिरित

प्रौद्योगिक महाविद्यालय देगा ग्रामीण निर्माण विभाग (RWD) के कनिष्ठ एवं सहायक अभियंताओं को प्रशिक्षित

दिनांक 29 दिसम्बर, 2022 को प्रोद्योगिक महाविद्यालय, पंतनगर एवं उत्तराखण्ड ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन के मध्य कुलपति गो0ब0पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर की उपस्थिति में एक एम0ओ0यू0 हस्ताक्षित किया गया। अनुबंध पर महाविद्यालय की ओर से अधिष्ठाता डा0 अलकनंदा अशोक एवं ग्रामीण निर्माण विभाग (RWD) की ओर से मुख्य अभियंता श्री अजय कुमार पंत के प्रतिनिधि अधीक्षण अभियंता द्वारा हस्ताक्षर किए गए।

अनुबंध के अनुरूप महाविद्यालय का सिविल इंजीनियरिंग विभाग प्रौद्योगिक महाविद्यालय के संकाय सदस्यों के एक्सपर्ट अनुभव एवं उनकी विषय विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण निर्माण विभाग में कार्यरत कनिष्ठ अभियंताओं के 25 – 25 के बैच को निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांच संबंधी 10 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराएगा।

ग्रामीण निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री विभु विश्वमित्र रावत ने बताया कि सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विाग के अभियंतओं की जहां निर्माण के दौरान और निर्माण के उपरांत होने वाले गुणवत्ता परीक्षण संबंधी ज्ञान में वृद्धि होगी वहीं गुणवत्ता परीक्षण के आधुनिक तरीकों के बारे में जानकारी भी मिलेगी, जिससे विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होगा। श्री विभु रावत ने भविष्य में सिविल इंजीनियरिंग विभाग, पंतनगर को अपने विभाग के तकनीकी सहायोग के रूप में भी सहयोग करने की आशा व्यक्त की गयी। कुलपति डा0 मनमोहन सिंह चौहान ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे अनुबंध विश्वविद्यालय के शिक्षा प्रसार के माध्यम से उत्तराखण्ड के सम्यक विकास के लिए महत्वूर्ण है। डा0 अलकनंदा अशोक ने कहा कि ऐसे अनुबंधों को नई शिक्षा नीति के अंतर्गत संस्थान और इंडस्ट्री के सहयोग के रूप में देखा जा सकता है। भविष्य में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों को भी ग्रामीण निर्माण विभाग के माध्यम से प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किए जाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। सिविल इंजीनियरिंग विभाग का इस वर्ष का यह तीसरा अनुबंध है।

कार्यक्रम में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष, डा0पी0एस0महर सहित डा0 संजीव सुमन, डा0 संदीप गुप्ता, डा0 सुनील कुमार, डा0 वनीता देवी एवं डा0 सुबीर शर्मा भी उपस्थित थे।

vivo X60 Pro · ZEISS
Dec 29, 2022, 17:25

College Of Technology
vivo X60 Pro · ZEISS
Dec 29, 2022, 17:25

College Of Technology
vivo X60 Pro · ZEISS
Dec 29, 2022, 17:25

College Of Technology

College Of Technology
vivo X60 Pro · ZEISS
Dec 29, 2022, 17:25